**खबर संक्षेप**

### श्रीमती राखी उट्टी को मिली पीएचडी की उपाधि

**तामिया।** श्रीमती राखी उट्टी ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से विषय अर्थशास्त्र से पीएचडी की उपाधि हासिल की है ।उन्होंने विषय अर्थशास्त्र के अंतर्गत अपने शोध विषय के शीर्षक



₹मध्यप्रदेश की अनुसूचित जनजातियों की प्रोत्साहनमूलक योजनाओं का उनकी आर्थिक प्रस्थिति पर प्रभाव (छिंदवाड़ा जिले की विशेष संदर्भ में) में किया है । श्रीमती राखी उट्टी ने अपना शोधकार्य डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी के निर्देशन में पूर्ण किया है। श्रीमती राखी उट्टी के पीएचडी शोधकार्य में विशेष सहयोग डॉ. एन. पेंडसे, रवि अहिरवार एवं मेरे पति प्रमोद सिंह उट्टी ०मेरे माता-पिता, सास- ससुर तथा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों का सहयोग मिला।

### नवीन आधार नहीं बन रहे, भाजपाईयों ने दिया ज्ञापन



**पांढुर्ना** । यहां आधार सेंटरों पर अनेक दिनों से नवीन आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे है जिसके चलते आम नागरिक त्रस्त हो चुके है। लोग-बाग नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से पांढुर्ना आते है और नवीन आधार बनाने इधर उधर भटकते रहते है। इसके अलावा शहर में आधार सेंटरों की संख्या चुनिंदा रह गई है जिनपर कार्य का काफी बोझ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के आधार सेंटर नवीन आधार कार्ड बनाए जाने के लिए इनकार कर देते है। इस समस्या के समाधान के लिए आज भाजपाई जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम नेहा सोनी को ज्ञापन सौंपकर आधार सेंटरों को बढाए जाने और नवीन आधार कार्ड मामले में व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिए जाने की अपील की है।

### सट्टे पर कोतवाली पुलिस की कार्वाई, आईफोन और लाखों का हिसाब-किताब जब्त

# आईपीएल सट्टा खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



पुलिस ने आईपीएल सट्टा खिलाने वाले आरोपी को नगदी सहित मोबाइल के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय (IPS) के निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष गुप्ता (IPS) एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण राणा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने IPL सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

ऑनलाइन सट्टे का खुलासा दिनांक 25 मार्च 2025 की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि छिंदवाड़ा के छापा खाना क्षेत्र में योगेश गुप्ता नामक युवक अपने मोबाइल से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चला रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी और जब्ती पुलिस ने आरोपी योगेश गुप्ता (26 वर्ष, निवासी छापा खाना, बुधवारी बाजार, छिंदवाड़ा) को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से आईफोन 13 प्रो, 5000 रुपये नगद, और ऑनलाइन सट्टे से जुड़ा लाखों रुपये का हिसाब-किताब बरामद किया गया।आरोपी के मोबाइल में "MR.BEAN" प्लेटफॉर्म की मास्टर आईडी (यूजर ID: ydyash25) खुली मिली, जिसमें सट्टे के लेन-देन दर्ज थे। इसके अलावा, CrickBuzz ऐप पर लाइव मैच का भाव और रन रेट दिखाया जा रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे सौरभ प्रचिदानी (निवासी सिवनी, जिला सिवनी) द्वारा 3% कमीशन पर यह मास्टर आईडी उपलब्ध कराई गई थी।

फरार आरोपी और कानूनी कार्रवाई पुलिस ने आरोपी योगेश गुप्ता के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट की धारा 4(क) एवं धारा 49 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस सट्टे के मास्टरमाइंड सौरभ प्रचिदानी की तलाश जारी है।

#### इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक उमेश गोल्हानी, उपनिरीक्षक दिग्विजय रघुवंशी, प्रआर. वरुण रघुवंशी, आरक्षक विकास बैस, आरक्षक आदित्य रघुवंशी, एवं आरक्षक नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से IPL सट्टेबाजों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिले में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सांसद हर जरूरतमंद लोगों की कर रहे मदद

## मुख्यमंत्री से 3 मरीजों को दिलाई 1 लाख 70 हजार की आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

सांसद बंटी विवेक साहू मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के माध्यम से हर माह आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लाखों रूपयें की आर्थिक मदद दिलवा रहें है। गत दिनों सांसद श्री साहू से मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुलाकात करते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे लेकर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों की आर्थिक मदद करने का निवेदन किया था।

जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने कुहिया बीजलपानी कला के ग्राम सुनाटी मोहगांव निवासी श्रीमती संगीता पति राजकुमार धुर्वे को 50 हजार, अमरवाड़ा के ग्राम सेजावड़ा खुर्द सोनपुर निवासी श्रीमती हर्ष कुमारी पति श्याम डेहरिया को 45 हजार एवं सौंसर के ग्राम बेरडी निवासी चिंतामन पिता भगवान गायकवाड़ को 75 हजार की आर्थिक सहायता दी है। उक्त सहायता राशि मिलने पर मरीजों का अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा।

गौरतलब है कि सांसद श्री साहू उनके संपर्क में आने वाले हर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे है। चाहे वो आर्थिक रूप से लोगों को बीमारी के लिए सहायता दिलवाने की बात हो या अपनी सांसद निधि से लोगों की आर्थिक मदद करने की बात हो।

उनके सांसद कार्यालय एवं जिले के प्रवास के दौरान सांसद श्री साहू से कई लोगों के द्वारा आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू द्वारा भी आवेदनों पर तत्काल ही गंभीरता दिखाते हुए लोगों की हर संभव मदद की जा रही है।

## सीएम राइज में जेईई और नीट की कराई जा रही निशुल्क कोचिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

आज से सीएम राइज पांढुर्ना, शा.उ.मा.वि. बडचिचोली तथा शा.उ.मा.वि. नांदनवाडी में जेईई तथा नीट परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग सेंटर आरंभ हो गए है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सीएम राइज शाला के प्राचार्य चंद्रशेखर बरेठ ने बताया कि यह ऑनलाइन कोचिंग व्यवस्था है जो शासन के माध्यम से एलन कोचिंग इंस्टिट्यूट द्वारा शुरू की गई है। शासकीय शालाओं के सभी विद्यार्थियों के लिए यह कोचिंग पूर्णतः निशुल्क है जो सुबह 10.30 बजे से लेकर दोपहर 4 बजे तक चलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम राइज विद्यालय में उत्कृष्ट विद्यालय पांढुर्ना, एमपीएल पांढुर्ना, शा.उ.मा.वि. सिवनी, शा.उ.मा.वि. पारडी तथा शा.उ.मा.वि. तिगांव के छात्र छात्राएं कोचिंग का लाभ लेंगे। शा.उ.मा.वि. नांदनवाडी में मारूड, नांदनवाडी, पाठई, सिराठा, चांगोबा, लेंढोरी, अंबाडा तथा खैरीपैका के विद्यार्थी और बडचिचोली में शा.उ.मा.वि. बडचचोली के विद्यार्थी कोचिंग में जाएंगे। इस प्रकार सीएम राइज पांढुर्ना में जेई के लिए 62 तथा नीट के लिए 32 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

## मेडिकल कॉलेज ने ओरल हेल्थ डे पर दिया व्याख्यान



**छिंदवाड़ा।** दंतरोग विभाग मेडिकल कॉलेज ओर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल द्वारा विश्व ओरल हेल्थ वीक मनाया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ अभय कुमार, सिविल सर्जन डॉ गोन्नाडे, अधीक्षक डॉ विपिन जैन और आरएमओ डॉ हर्षवर्धन कुड़ापे उपस्थित रहे। सीनियर डेंटल सर्जन डॉ योगेश पाल सिंह और डॉ रत्नेश बग्गा के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। डॉ मेघा जैन सह प्राध्यापक, मेडिकल कॉलेज द्वारा ओरल हेल्थ डे पर व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत डॉ सुचिता साहू ने मुख और दंतरोग से बचाव और उनके उपचार पर सेशन लिया। अंत में डॉ बग्गा द्वारा वोट ऑफ थैंक्स दिया गया। प्रोग्राम में दंतरोग विभाग के डॉ पंचराज, डॉ जया, डॉ उमेश, डॉ शशांक मौजूद रहे तथा संचालन डॉ अनुष्का द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की फेकल्टी, नर्सिंग स्टाफ और छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता दी। श्री अभिषेक और दीपाली ने स्वल्पाहार की व्यवस्था देखी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार पुन्हार के जाति प्रमाण पत्र पर उठी जांच की मांग

### ग्रामीणों ने जताई फर्जी जाति प्रमाण पत्र की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र को लेकर बहुत से केस आ रहे है जिसमें फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय नौकरियों के अलावा कई जनप्रतिनिधि फर्जी प्रमाण पत्रों का सहारा लेकर उच्च पदों पर पदासीन हो रहे है।

ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां शिकायतकर्ता ने वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस के संजय कुमार पुन्हार के जाति प्रमाण पत्र के फर्जी होने की आशंका जताई है।

शिकायतकर्ताओं का मानना है कि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार पुन्हार पिता श्री जगनारायण मूलत गोरखपुर उत्तरप्रदेश के मूल निवासी है। यहां छिंदवाड़ा में उनके पिता डब्ल्यूसीएल के कर्मचारी थे जो उत्तरप्रदेश से आकर बसे है। उनका जाति प्रमाण पत्र अधिकारियों को अपने प्रकरण में लेकर गलत तरीके से जारी किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने गंभीर आरोपों के साथ मुख्यमंत्री, कलेक्टर और अनुसूचित जाति, जनजाति कार्य विभाग, सर्तकता समिति (फर्जी



कार्यालय

अनुविभागीय अधिकारी (प्रमाणीकरण)

-जाति प्रमाण पत्र-

जाति प्रमाण पत्र ), लोकायुक्त भोपाल, आयुक्त भोपाल, सांसद , सीईओ जिला पंचायत को शिकायत पत्र भेजकर जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत में इस बात का भी उल्लेख किया है कि अगर इनके जाति प्रमाण पत्र की जांच नहीं की जाती है तो मजबूरी में उच्च न्यायालय की शरण लेंगे। जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी, साथ ही आंदोलन की भी बात कही गई है।

शिकायतकर्ताओं में त्रिलोकी पादक, पूनालाल कुशवाहा, शिवशंकर, रामगोपाल कोरी निवासी ग्राम निवार उत्तरप्रदेश है।

## भार्गव परिवार ने मंदिर निर्माण के लिए दान की भूमि



**चौरई।** चौरई तहसील के ग्राम कुंडा में हुआ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी का आगमन ग्रामवासियों द्वारा किया गया स्वागत भार्गव परिवार कुंडा द्वारा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती के आगमन पर भार्गव परिवार के द्वारा पैतृक निवास जमीन मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां के मंदिर निर्माण हेतु संकल्पित कर दान दे दिया भार्गव परिवार के इस कार्य हेतु शुभ आशीष प्रदान किया। स्वामी श्री शंकराचार्य प्रेमानद जी महाराज का स्वागत अभिनंदन विगत दिवस 24 मार्च को ग्राम कुंडा के भार्गव परिवार द्वारा अपनी जिसे राजेंद्र भार्गव,श्रीमती मधुलता भार्गव,ज्योति भार्गव पति सुनील भार्गव पुत्री श्वेता भार्गव द्वारा स्वामी जी को दिया गया। जिसमें संपूर्ण परिवार सौरभ भार्गव, दीपक भार्गव, मान भार्गव, पंडित मदनलाल शर्मा, आनंद शर्मा, चंद्रकिशोर भार्गव, दिनेश शर्मा, विनोद शर्मा, प्रदीप शर्मा सिवनी एवं समस्त भार्गव परिवार, ग्राम वासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महिला एवं बाल विकास परियोजना चौरई में तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**चौरई।** 24 मार्च से 26 मार्च तक पोषण भी पढ़ाई भी₹ अंतर्गत कम्युनिटी हाल एवं जनपद सभा कक्ष में 2 बैचों में प्रशिक्षण लिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन संभागीय अधिकारी जे डी उपस्थित रही। दूसरे दिन अनुविभाग अधिकारी प्रशिक्षण में उपस्थित हुए उनके दवारा भी प्रशिक्षण में समझाइश दी गई। वर्तमान समय में इस प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस प्रशिक्षण में कार्यकताओं को बच्चों को गतिविधि के माध्यम से सिखाने हेतु प्रेरित किया गया। ताकि बच्चों को पोषण के साथ पढने में रुचि जागृत हो। बच्चो का कार्यकर्ताओ के दवारा रिपोर्ट कार्ड संधारित करने ताकि बच्चों के विकास उम्रवार पता चल सकें। इसी क्रम में सेंट्रल बैंक से उपस्थित मि. डेहरिया दवारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के संबंध में बताया गया।



## स्वास्थ्य जागरुकता के लिए एसडीएम ने लगाई महिला अधिकारियों की ड्यूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

अनुविभागीय अधिकारी सुश्री कामिनी ठाकुर के निर्देशानुसार कक्षा 9 वी से 12 वी तक की अध्ययनरत बालिकाओं को बालिका सुरक्षा, बाल विवाह एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध मे विकासखण्ड जुन्नारदेव अन्तर्गत शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर. सी.एच.ओ नगरपालिका सी.एम.ओ. द्वारा शास. उत्कृष्ट जुन्नारदेव, शास. उमावि. हनोतिया, शास.उमावि. बुर्रीकलां, शास. उमावि. पालाचौरई, शास. उमावि. बिलावरकलां, एवं शास. उमावि. बाम्हनवाडा में बालिका सुरक्षा बाल विवाह एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बडी संख्या में बालिकाएँ उपस्थित हुई। शास. उत्कृष्ट में एस.डी.एम. सुश्री कामिनी ठाकुर शिविर में उपस्थित हुई और बालिकाओं को बालिका सुरक्षा, बाल विवाह तथा स्वास्थ्य के संबंध मे जानकारी प्रदान की। शास. उमावि पालाचौरइ सी.एच.ओ. नेहा धुर्वे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर हिमानी ने लिखी सफलता की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा जिले की श्रीमती हिमानी उइके का जीवन भी कुछ ऐसा ही रहा। कभी आर्थिक तंगी से जूझते हुए मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाली हिमानी आज पशु सखी और कृषि सखी के रूप में न केवल आत्मनिर्भर बनीं, बल्कि कई अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। वर्ष 2019 तक हिमानी दीदी का परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। बीमारी के चलते घर की स्थिति और खराब हो गई थी। मजदूरी कर किसी तरह परिवार का गुजारा हो रहा था, लेकिन भविष्य अंधकारमय लग रहा था।



**परिवर्तन की शुरुआत-** 31 अगस्त 2020 को हिमानी दीदी की मुलाकात आजीविका मिशन की टीम से हुई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं और कार्यों के बारे में जानकर उनमें उम्मीद की किरण जागी। उन्होंने 12 महिलाओं के साथ मिलकर 'सरस्वती स्व सहायता समूह' का गठन किया और उन्हें समूह का अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय उनके जीवन में बदलाव का पहला कदम साबित हुआ।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम-** मिशन के सहयोग से उन्होंने सतपुड़ा सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र तामिया में कृषि सखी और पशु सखी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। बकरी पालन, जैविक खाद और कीटनाशक निर्माण जैसी तकनीकों को अपनाकर उन्होंने स्वंय को कृषि कार्य में दक्ष बनाया।

### एक सहायक अध्यापक को अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाडा सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राथमिक शाला मुदनी के सहायक अध्यापक अरविंद ठाकरे को अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं ।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि विकासखंड जुन्नारदेव की प्राथमिक शाला मुदनी के सहायक अध्यापक श्री ठाकरे को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। यदि सहायक अध्यापक श्री ठाकरे द्वारा 03 दिवस में उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तो सहायक अध्यापक श्री ठाकरे के विरूद्ध सिविल सेवा वर्गीकरण एवं अपील नियम 1966 में दिये गये प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

# अपूर्ण प्रधानमंत्री आवासों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवाओं के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सभी जनपद पंचायतों द्वारा हितग्राहियों को एक साथ सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयासों की कलेक्टर श्री सिंह ने सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से हितग्राहियों को न केवल समय पर लाभ मिला है, बल्कि निर्माण कार्यों में भी गति आई है। उन्होंने निर्देश दिए कि आगे भी इसी तरह समन्वय बनाकर कार्य किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सितंबर 2024 से प्रारंभ हुए ऐसे प्रधानमंत्री आवास, जो अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं, उन पर नाराजगी व्यक्त की। इसके तहत बिछुआ और परासिया के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए एवं बीसी परासिया द्वारा लगातार लापरवाही बरतने के कारण उनकी संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए।

### पुस्तक मेले के संचालन के लिए निकाली लॉटरी, मेला आज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आज पुस्तक एवं गणवेश मेले के सफल संचालन के लिए एमएलबी स्कूल में लॉटरी निकालकर पुस्तक एवं गणवेश विक्रेताओं को कक्षा का आवंटन किया गया, जिसमें 30 पुस्तक विक्रेता एवं 10 गणवेश विक्रेता उपस्थित थे। मेले का शुभारंभ 27 मार्च को होगा। मेले के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल द्वारा विक्रेताओं को सामग्री पर छूट एवं जी.एस.टी. बिल प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा बताया गया कि मेले में विक्रेताओं और अभिभावकों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम एवं हेल्प डेस्क एमएलबी स्कूल के हॉल में स्थापित कर चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### कलेक्टर की फटकार पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# लापरवाह निगम अधिकारियों के कारण अभी तक पूर्ण नहीं हुआ इमलीखेड़ा प्रोजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इमलीखेड़ा में बन रहे एमआईजी भवनो का निरीक्षण बुधवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के द्वारा किया गया। इस दौरान आयुक्त के साथ नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली उपस्थित रहे। निगम आयुक्त ने भ्रमण के दौरान आवास से संबंधित परिक्षेत्र की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### लाइब्रेरी निर्माण का लिया जायजा

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा अंतर्गत शासन के निर्देश अनुसार लाइब्रेरी का निर्माण किया जाना है। इस संबंध में स्थान का चिन्नांकन टाउन हॉल में किया गया। बुधवार को नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने टाउन हॉल का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को जायजा लिया एवं ई लाइब्रेरी निर्माण को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली, उपयंत्री रोहित सूर्यवंशी एवं स्वच्छता अधिकारी अनिल मालवी उपस्थित रहे।

## 6 अप्रैल को रामनवमी पर सौंसर में होंगे भव्य आयोजन, क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल

# सौंसर में हुआ श्रीराम रामनवमीं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में श्रीराम जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा आगामी 6 अप्रेल को निकाली जाएगी। हाल ही ही कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतू संचालन कार्यालय का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक शेषराव आप्पा पोस्तें, नत्थु बावसे के हस्तें किया गया।

समिति अध्यक्ष अजय अढाऊ ने बताया कि, प्रथम चरण के आयोजन में 6 अप्रेल को दोपहर 12 बजे सिविल लाईन्स स्थित हनुमान मंदिर में उपासनी गोदावरी स्वाध्याय कन्या संस्कार केन्द्र की साधिकाओं द्वारा भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। द्वितीय चरण में कबीर बनुकर सोसायटी परिसर में षाम 7 बजें सौ रेखाताई कंटक द्वारा चल समारोह का उदघाटन किया जायेगा। तृतीय चरण में गांधी चौक में चल एवं स्थाई झांकी पुरस्कार वितरण रात 12 बजे किया जायेगा। आयोजन में स्थाई झाकी के लिये प्रथम तेहतीस हजार तीन सौ तेहतीस रूपये, द्वितीय 22 हजार 2 सौ 22 रूपयें तृतीय 11 हजार एक सौ ग्यारह, चलित झांकी में प्रथम 11 हजार एक सौ 11, द्वितीय 7 हजार 700 सत्यात्तर, तृतीय पाच हजार पाच सौ पचपन के अलावा अन्य पुरस्कार वितरीत किये जायेगे। सुंदरकांड पाठ 5 अप्रेल को शाम 7 बजें सिविल लाईन्स हनुमान मंदिर परिसर, महाप्रसाद वितरीत किया जायेगा। कार्यालय शुभारंभ अवसर पर सरक्षक संजय राठी इंदरचंद डागा,अशोक राठी,ओम बागानी मारुति लोणारे, एकनाथ सूर्यवंशी नरेश राठी,उदय ढाले,रोशन कापसे, मयूर ठाकरे, तनुल सूर्यवंशी,आदि थे।

## बालिका सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरुकता शिविर



**जुन्नारदेव।** बुधवार को शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) कार्यालय जुन्नारदेव द्वारा आदेशित कार्यक्रम बालिका सुरक्षा ,बालविवाह एवं स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जागरुकता शिविर दल में स्वास्थ्य विभाग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हनोतिया से चिकित्सा अधिकारी डॉ. कु.सोनम यादव, महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती सीमा धुर्वे और विद्यालय की श्रीमती सीमा ठाकुर और स्वास्थ्य विभाग से अन्य कर्मचारी शामिल रहें संस्था के प्राचार्य ने स्वास्थ्य विभाग और , महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया।

## थाना परासिया में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

थाना परासिया में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में आगामी ईद एवं रामनवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई।बैठक में एसडीएम पुष्पेंद्र निगम, एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट, टीआई सहित नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। साथ ही, शहर के विभिन्न समुदायों के सम्मानित नागरिक भी बैठक में शामिल हुए और आपसी भाईचारे व सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें तथा अफवाहों से बचें।

## केंद्रीय कृषि मंत्री से की जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

बुधवार को पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करते हुए सौसर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, साथ ही जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना करने की माग केंद्रीय कृषि मंत्री से की है, मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली में भेंट की। इस अवसर पर पूर्व विधायक नाथन शाह कवरेती, विजय धवले, प्रेस क्लब अध्यक्ष पुरूषोतम पोतरे उपस्थित थे। पूर्व मंत्री श्री मोहोड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान को मांग पत्र देते हुए कहा पांढुर्णा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, यहां के किसान विभिन्न फसलों की खेती करते हैं। यहां की कृषि भूमि उपजाऊ है। आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, जैविक खेती, जल प्रबंधन, एवं कीट नियंत्रण की वैज्ञानिक जानकारी के अभाव में किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना होने से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण, एवं उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी प्राप्त होगी,जिससे उनकी कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। पूर्व मंत्री श्री मोहोड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान से पांढुर्णा में कोरोना काल से बंद हुए ट्रेनों के स्टॉपेज पूर्ववत शुरू करने की मांग की गई है।

### पीपला नगर पंचायत का हो रहा सर्वांगीण विकासः अध्यक्ष

**सौंसर।** पीपला नारायण नगर के वार्ड क्रमांक 14 में निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई इस दौरान पिपला नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अरूणा चौधरी हस्तें अमृत 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत जलप्रदाय योजना में सम्मिलित घटक 250 के एल सम्पवेल ओर पम्पहाऊस का भूमिपूजन किया गया।आधारशिला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नप पिपला अध्यक्ष श्रीमती अरुणा चौधरी ने बताया कि पीपला नारायण वार का सर्वांगीण विकास हो इस उद्देश्य को लेकर परिषद के द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है, सातवीं शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले इस उद्देश्य को लेकर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों के साथ में सभी पार्षद गण भी निरंतर प्रयासरत है।

## सीएम राइज भवन का निर्माण कार्य चल रहा धीमी गति से



**दमुआ।** जुन्नादेव विधानसभा अन्तर्गत ग्राम दमुआ में शासन की शिक्षा योजना के तहत ओर शिक्षा के सुधार के लिए सी एम राइज योजना लाई गई है।जिसमें मॉडल भवन का निर्माण किया जा रहा है।जिससे बच्चो को ऊंचे दर्जे की शिक्षा मिल सके।किन्तु दमुआ कुटुमदेव स्थित नवीन भवन का निर्माण जानबूझकर आराम से किया जा है।जिससे ग्राम के पालकों को अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश के लिए भटकना पड़ रहा है।क्यों कि पुराने भवन में बच्चो को बैठने की व्यवस्था नहीं है।उक्त नवीन भवन को समय सीमा में न बनाकर निर्माण कंपनी व इंजीनियर द्वारा बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।क्यों कि शिक्षा विभाग का नया सत्र अप्रैल माह शुरू हो जाता हैं।ओर नवीन भवन का निर्माण होने में 6 माह ओर शेष हैं।ऐसी स्थिति में पालकों को मजबूरन प्राइवेट स्कूल में मोटी रकम देकर अपने बच्चों का दाखिला करवाना पड़ेगा।जिसे उनके ऊपर आर्थिक बोझ पड़ेगा।ओर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की खिल्लियां उड़ाई जाएगी,जिसका एक मात्र कारण है नवीन भवन निर्माण हो रही देरी।अब प्रश्न ये उठता है कि क्या शासन ओर उनके नुमाइंदे इस प्रकरण गंभीर होंगे या संबंधित कंपनी के ऊपर कार्यवाही भी करवाएंगे।

## श्याम साहू फिर चुने गए परासिया बार काउंसिल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



अधिवक्ता संघ परासिया के बार काउंसिल का चुनाव मंगलवार 25 मार्च को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ । इस चुनाव में एक बार फिर अधिवक्ता श्याम कुमार साहू को बार काउंसिल का अध्यक्ष चुना गया । इस चुनाव में कुल 218 अधिवक्ताओं अपने मतदान का प्रयोग करते हुए अध्यक्ष के साथ - साथ अन्य कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्यों का भी चुनाव किया ।

गौरतलब है , कि परासिया अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए श्याम कुमार साहू , सूर्यकांत तारण और राज कुमार वर्मा मैदान में थे । इनमें राजकुमार वर्मा द्वारा अपना नाम वापस लेने से मुकाबला सिर्फ श्याम साहू और सूर्यकांत तारण के बीच ही हुआ । खबर लिखे जाने तक श्याम साहू अपने प्रतिद्वंद्वी से बढ़त बनाए हुए थे । इनके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक मालवीय , ऋतुराज सरसवार , मोहन प्रसाद यादव , सह सचिव के लिए कंचन चौरसिया , फिरोज खान , माया डेहरिया , कोषाध्यक्ष के लिए वीर बहादुर सिंह , सुमरलाल यादव , ग्रंथापाल के लिए राकेश डेहरिया , रोहित चौरसिया , कार्यकारिणी सदस्य के लिए अमजद अली , राकेश तायड़े , संतोष विश्वकर्मा , अनुराग जायसवाल , दिलीप बाथरे , दीपक आरसे , शिवरात्रि बरमैया , सिद्धार्थ श्रीवास्तव और हरविंदर सिंह छाबड़ा मैदान में थे । खबर लिखे जाने तक परिणामों की घोषणा नहीं हो पाई थीं , लेकिन मिली जानकारी के अनुसार श्याम साहू ( अध्यक्ष ) , अशोक मालवीय ( उपाध्यक्ष ) , फिरोज खान ( सह सचिव ) , वीर बहादुर सिंह ( कोषाध्यक्ष ) , राकेश डेहरिया ( ग्रंथापाल ) के लिए अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे थे । कार्यकारिणी सदस्यों के लिए पुनर्गणना शुरू की गई थी ।

### कृषि महाविद्यालय में 4 दिवसीय फसल विविधिकरण पर प्रशिक्षण सम्पन्न

**वारासिवनी।** अखिल भारतीय समन्वित परियोजना नई दिल्ली व जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर अंतर्गत एकीकृत कृषि प्रणाली द्वारा 4 दिवसीय फसल विविधिकरण पर आधारित प्रशिक्षण राजा भोज कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म वारासिवनी में सम्पन्न हुआ। जिसमें बालाघाट जिले के 70 उन्नतशील कृषकों व 20 कृषि अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर की परियोजना अधिकारी डॉ. नम्रता जैन ने बालाघाट जिले में फसल विविधिकरण परियोजना के संचालन एवं समन्वय हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी दी। डॉ. व्ही.बी. उपाध्याय ने कृषकों को फसल विविधिकरण के महत्व के बारे बताया। परियोजना के सहायक अन्वेषक डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने फसल विविधिकरण के माध्यम से कीट वा नींदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश की हुई अवहेलना, बोनकट्टा में तालाब की भूमि की हुई खरीदी-ब्रिकी

### *खसरा नंबर 93/1/1, 93/1/2, 93/2 की भूमि विवाद से जुड़ा मामला*



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के ग्राम बोनकट्टा में हांडगे और मुंगुसमारे परिवार के पूर्वजों के द्वारा बनाए गए तालाब की भूमि का गलत तरीके से बंटाकन कर तालाब की भूमि की खरीदी-ब्रिकी का मामला सामने आया है. वहीं इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है. हांडगे परिवार के करीब दर्जनभर से अधिक सदस्य इस मामले को लेकर बुधवार को व्यवहार न्यायालय कटंगी की शरण में जाने के लिए पहुंचे. हांडगे परिवार के सदस्यों का यह आरोप है कि सुरेंद्र मुंगुसमारे ने राजस्व विभाग के तहसीलदार और हल्का पटवारी से कथित तौर पर मिलीभगत कर तालाब का गलत तरीके से बंटाकन करवा लिया. जिसके बाद सुरेन्द्र ने अरविंद देशमुख से जमीन की खरीदी-ब्रिकी की. जिस जमीन को अरविंद देशमुख ने खरीदा है वहां इन दिनों कोहरी समाज का भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक तालाब चाहे निजी ही क्यों ना हो उसकी खरीदी-ब्रिकी नहीं की जा सकती. शिकायतकर्ताओं ने बताया कि निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के मकसद से न्यायालय के समक्ष गुहार लगाई जा रही है. 09 एकड़ में फैले इस तालाब पर दोनों ही परिवारों के करीब 50 से अधिक सदस्यों के नाम भू-अभिलेख में दर्ज है. शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सुरेंद्र मुंगुसमारे ने राजस्व कर्मचारियों से मिलीभगत कर गलत तरीके से बंटाकन करवाया है. जिसके बाद अरविंद देशमुख को जमीन बेच दी गई. बहरहाल, अगर शिकायतकर्ताओं की यह बात सहीं साबित हुई तो अधिकारियों पर तो कार्रवाई सुनिश्चित है. इसके साथ ही समाज के पैसों से तालाब की भूमि खरीदना अरविंद देशमुख को भी महंगा पड़ सकता है यानी कोहरी समाज को बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता है।

यह पूरा विवाद ग्राम बोनकट्टा की खसरा नंबर 93/1/1, 93/1/2 और 93/2 की भूमि से जुड़ा हुआ है. यह पूरी भूमि हांडगे और मुगूंसमारे परिवार की है. जिसका सुरेंद्र मुगूंसमारे ने कथित तौर पर गलत तरीके से बंटाकन करवा लिया है. फिलहाल, खसरा नंबर 93/2 की भूमि पर कोहरी समाज का भवन बनकर तैयार हो रहा है. शिकायतकर्ता ने तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिए न्यायालय में आवेदन लगाने के लिए आने की बात कहीं है. शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सुरेन्द्र ने बंटाकन के बाद जो जमीन अपने नाम करवाई है. वह मुख्य सड़क मार्ग से लगी हुई है जबकि अन्य हिस्सेदारों को पीछे के हिस्से की जमीन दर्शाई जा रही है. जिससे अन्य हिस्सेदार इस बंटाकन से असहमत है. उन्होंने बताया कि बंटाकन की कार्रवाई के लिए विधि अनुसार कार्रवाई नहीं की गई. जमीन के हिस्सेदारों को इसकी जानकारी अभी कुछ समय पहले ही पता चली लेकिन समाज का भवन बनने की वजह से सदस्य चुप रहे परंतु जब पता चला कि सुरेंद्र ने गलत तरीके से मुख्य सड़क मार्ग से लगी जमीन अपने नाम करवा ली तो अन्य सदस्यों ने इस पर घोर आपत्ति जताई।

### रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर स्वजातीय जनों और ग्रामीणों ने किया रक्तदान

## महकेपार में माता कर्मा की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में तेली साहू समाज ने कुलदेवी माता कर्मा जी की जयंती बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई. इस मौके पर क्षेत्र के पठार अंचल की ग्राम पंचायत महकेपार में माता कर्मा की प्रतिमा की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई. इस अवसर पर क्षेत्र भर के साहू समाज के लोग यहां एकत्रित हुए. उन्होंने सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की. महकेपार में माता कर्मा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ मौके पर भव्य रक्तदान शिविर का भी आयोजन करवाया गया. जिसमें साहू समाज ने लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया. रक्तदान शिविर में मुनेश कुमार आकासे, लक्ष्मण चकोले, राजेंद्र लांजेवार, अनीता भूरे, गौरव अग्रवाल, शारदा प्रसाद चकोले, शुभम उचबगले, उषा साहू, ललिता हटवार, कमलेश साहू, पराग चौधरी, संजय गभने, जितेश कोटेकर, शिवदयाल कोटेकर, मदनलाल चकोले, राजेश भुरे सहित अन्य ने रक्तदान किया।

मंदिर में विधि-विधान से शुभ-मुर्हूत पर प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई और पूजा अर्चना कर खिचड़ी का भोग चढ़ाया गया. वहीं यहां पर सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई जिसमें समाज की आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति को और अधिक बेहतर बनाने पर सामाजिक चिंतकों ने अपने विचार रखें. महकेपार के अलावा शाम करीब 08 बजे तिरोड़ी में भी जयंती मनाई गई. ब्लॉक अध्यक्ष संजय बड़वाईक, उपाध्यक्ष मोहनलाल अंबिलकर, सचिव वीरेंद्र भूरे, और कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद हटवार सहित ब्लाक कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में माता कर्मा की प्रतिमा की महकेपार में प्राण प्रतिष्ठा की गई. ब्लॉक समिति के द्वारा महकेपार को माता कर्मा की प्रतिमा भेंट की गई. महकेपार समिति अध्यक्ष राजकुमार कोटेकर, उपाध्यक्ष गिरजा शंकर कोटेकर, सचिव दुर्गा प्रसाद कोटेकर, कोषाध्यक्ष दिलीप कोठेकर ने ब्लॉक समिति का आभार जताया है।

### मुख्य मार्ग के किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर बने वार्डवासियों की मुसीबत

## वार्ड क्रमांक 3 बालाघाट रोड में लगे है ट्रांसफार्मर, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के लांजी-बालाघाट मुख्य मार्ग के किनारे विद्युत विभाग के दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में मार्ग के किनारे लगे ट्रांसफ ार्मर अब सभी के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। मुख्य मार्ग पहले से ही संकरा था जिसे वर्तमान में नगर परिषद द्वारा रोड की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। ऐसे में मार्ग के किनारे ट्रांसफ ार्मर होने से वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। ट्रांसफ ार्मर से हमेशा हादसे का डर बना रहता है। लोगों का कहना है पूर्व में मुख्य मार्ग से वाहनों की आवाजाही कम होने से ट्रांसफ ार्मर खड़े होने पर भी कोई परेशानी नहीं होती थी। अब ट्रांसफार्मर के कारण परेशानी बढ़ते जा रही है। वहीं इन दोनो ट्रांसफार्मर के बाजू से छोटी गलियां वार्डों में जाती है जिससे यहां गर्मी के समय में हादसे की भय बना हुआ है। वहीं ये गलियां नगर के सालेटेकरी मार्ग को भी जोड़ती है जिसमें 24 घंटे लोगों का आना जाना बना रहता है। ऐसे में विद्युत वितरण कंपनी ने ट्रांसफ ार्मरों को मार्ग से दूर अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का काम करना चाहिए। मुख्य मार्ग पर कई ट्रांसफ ार्मर तो मार्ग से सटकर खड़े हैं। ऐसे में इन स्थानों से वाहनों को निकलने में परेशानी होती है। ट्रांसफ ार्मरों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मार्ग के किनारे लगे ट्रांसफ ार्मर के आसपास और नीचे रोजाना अस्थाई दुकानें लग जाती हैं। जिससे हादसा होने का डर रहता है। ऐसे में ट्रांसफार्मर में फ ाल्ट आने पर कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**प्लॉट मालिको भी हो रही रही परेशानी:** पूर्व में उक्त स्थान पर प्लाटिंग न होने तथा खुला स्थान होने के चलते ट्रांसफार्मर तो लगा दिये गये थे परंतु समय के साथ अब नगर का परिवेश बदल चुका है और यहां पर जिन लोगों के प्लॉट हैं वह यहां पर अपने व्यवसायिक भवन और आवासीय भवन बनाने के लिये भी ट्रांसफार्मर के हटने का इंतजार कर रहे है। लोगों का कहना है की उक्त दोनो ही ट्रांसफार्मर को विद्युत विभाग कहीं और शिफ्ट करें ताकि वार्ड के लोगों को किसी हादसे का शिकार न होना पड़े।

### इनका कहना है



आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुए विधायक महोदय से चर्चा उपरांत ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग एवं स्थान की मांग की जाएगी और इस समस्या के निराकरण के लिये उनसे सहायता ली जाएगी। वहीं वर्तमान में रोड चौड़ीकरण कार्य चालू है जिसमें विभाग के कई पोल रोड में आ रहे है जिन्हें हटाकर शिफ्ट करने के लिये नगर परिषद को पत्र लिखकर फंड की मांग की गई है ताकि विद्युत व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

**अविनाश देशमुख,**
**जे.ई.विद्युत विभाग लांजी**

### लांजी के बाजार से मवेशियों की खरीदी कर महाराष्ट्र में हो रही तस्करी

## मवेशी तस्करों का अड्डा बनते जा रहा लांजी

### पुलिस विभाग तस्करों पर नहीं कर रहा कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले की अंतिम सीमा पर बसी लांजी तहसील के अनेक गांवों में साप्ताहिक मवेशी (बैलजोड़ी) बाजार संचालित किए जा रहे है। इन बाजार में महाराष्ट्र राज्य के व्यापारी मवेशी खरीदने आ रहे है और अपने यहां ले जाकर उनकी बड़े स्तर पर तस्करी की जा रही है। तस्कर पुलिस की पकड़ में न आए, इसके लिए दो से चार मवेशियों को गाथा में बांधकर पैदल हांकते हुए लेकर जाते है। अब लगातार क्षेत्र से मवेशियों की महाराष्ट्र में हो रही तस्करी से लांजी मवेशी तस्करी का अड्डा बन रहा है यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रहा है।नगर के कुछ जागरूक लोगों की माने तो लांजी क्षेत्र के प्रमुख गांवों में वर्षो से साप्ताहिक हाट बाजार के बाजू में मवेशी बाजार लगता है, इन बाजार का लाखों रुपये में ठेका होता है। महाराष्ट्र से मवेशी खरीदने आने वाले व्यापारियों को बकायदा यहां के व्यापारी रसीद देकर ही मवेशी बेच रहे है, लेकिन पुलिस प्रशासन को चाहिए है कि यहां से समीपी राज्य महाराष्ट्र में लगातार पैदल हांकते हुए लेकर जा रहे मवेशी किस काम से इतनी अधिक संख्या में लेकर जा रहे है, इसकी जानकारी नहीं जुटाई जा रही है। इधर, अपने आप को गौ सेवक बताने वाले भी अपने हाथ पीछे करते नजर आ रहे है। सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र के गांवों में लगने वाले बाजारों से पैदल मवेशी ले जाने वाले लोग बताते है कि मवेशियों को महाराष्ट्र में एक जगह एकत्रित करके उन्हें कत्लखाने में ले जाया जाता है। इतना सब कुछ होने के बाद भी जिम्मेदार लोग पैदल हांकते हुए मवेशी ले जाने वालों पर कोई कार्रवाई करने से बच रहे है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि तस्करों पर लगाम कसने वाले भी जिम्मेदारों को चढोत्तरी मिल रही होगी। हालांकि, हम इसकी पुष्टि तो नहीं कर रहे है फिर भी ऐसा माना जा रहा है।

जागरूक सूत्र बताते है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे गांव जहां पर साप्ताहिक बाजार लगते है वहां पर महाराष्ट्र के व्यापारी मवेशियों की खरीदी करने आते है। यदि इनकी जांच पुलिस प्रशासन करने उतरता है, तो सब सच सामने आएगा, लेकिन मवेशी की इतनी ज्यादा मात्रा में खरीदी क्यों की जा रही है और उन्हें पैदल हांकते कहा लेकर जा रहा है। इसके संबंध में किसी को जानकारी लेने की फुर्सत तक नहीं है। जिसका यही नतीजा है कि लांजी क्षेत्र के बाजारों से निरंतर मवेशियों की तस्करी महाराष्ट्र के कत्लखानों में हो रही है और तस्करों ने तस्करी करने तरीका अब वाहनों के जरिए बंद कर दिया है। क्योंकि महाराष्ट्र राज्य के गांव क्षेत्र से लगे है, इसके लिए बाजार से मवेशी खरीदने वाले व्यापारी मजदूर रखकर पैदल ही मवेशियों को लेकर जा रहे है। यदि वाहनों में मवेशियों को लेकर जाते है तो पुलिस प्रशासन तस्करी के नाम पर कहीं न कहीं रोककर कार्रवाई कर ही लेता है। जिसके कारण पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे मवेशी तस्कर आज कल अपना तरीका बदल दिया है और पैदल मवेशी खरीदी कर महाराष्ट्र लेकर जा रहे है।

# ग्राम जैतपुर में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

**सिवनी। ग्रीष्मकाल के प्रारंभ होते ही जिले में आगजनी की घटनाएँ बढने लगी है। आज एक बड़ा घटनाक्रम घटित हुआ जिले के जैतपुर ग्राम अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे लगभग एक दर्जन किसानों की फसल. जलकर खाक हो गई। तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैली और 75 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में किसानों को लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी परंतु जब तक दमकल वाहन पहुँचता फसल जलकर खाक हो गयी।**

फसल पककर तैयार हो चुकी थी एक दो दिन में फसल की गाहनी होना शेष था किसान इस फसल से अपनी वर्ष भर की आर्थिक योजनाओं को संचालित करते है परंतु आग जनी की इस दुर्भाग्य पूर्ण घटना से किसान के पूरे सपने ध्वस्त हो गये। अब सरकारी मदद की उम्मीद है।बताते है कि जैसे ही हवा तेज हुई, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते 75 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। खेतों में रखे कृषि उपकरण, जैसे मोटर और पाइप भी आग में जल गए। किसानों का कहना है कि लगभग 50 लाख रुपये से अधिक की फसल का नुकसान हुआ है।



जानकारी प्राप्त होने पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जैतपुर पहुँचे और नुकसानी को देखाकर पीडा व्यक्त की तथा दो दो हजार तत्काल सहायता दी एवं शासन से हर संभव मदद दिलाने की बात कही। श्री राय ने पीढित किसान से भेंट की तथा स्थानीय जनों से आग्रह किया कि आवश्यक सावधानियाँ रखे बीडी सिगरेट का सेवन न करें।

### इधर, आग लगने से एक हेक्टेयर गेहूं की फसल कृषि उपकरण पाइप जलकर खाक

कुरई विकासखंड के राजस्व ग्राम डूंगरिया में आज मंगलवार 25 मार्च को दोपहर 1:00 बजे के लगभग जंगल में भभक रही आग ने आक्रामक रूप धारण कर जंगल से लगे खेतों पर पहुंच गई जिससे गांव की समीप तक लगभग 100 एकड़ जगह में आग लग गई जिससे खेत में लगी श्री राम पिता पन्नालाल रघुवंशी की खड़ी 1 हेक्टेयर भूमि पर लगी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई एवं आसपास के खेतों में रखे कृषि उपकरण पाइप वगैरा जलकर राख हो गए जिसकी सूचना दमकल विभाग एवं राजस्व विभाग को दी गई जो तत्काल 2 दमकल गाड़ी एवं कुरई तहसीलदार शशांक मेश्राम एवं पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा बादलपार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे ग्रामीणों की भारी मस्कत के बाद भी आग काबू नहीं हो रही थी सिवनी से पहुंची दमकल की गाड़ीयो ने आग में काबू पाया डूंगरिया हल्का पटवारी 16 अवलेश डेहरवाल ने बताया कि जंगल में लगी आग से खेतों मैं आज आज पहुंच गई जिससे एक किसान श्री राम रघुवंशी की एक हेक्टेयर भूमि में लगी फसल जल गई एवं आसपास के किसानों के कृषि यंत्र पाइप व अन्य सामग्री जल गई जिसकी मौका पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर मुआवजा हेतु कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप

### कोल्ड स्टोरेज ईकाई का अवलोकन कर कलेक्टर सुश्री जैन ने उद्यमियों को किया प्रोत्साहित

**सिवनी ।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार 26 मार्च को सिवनी विकासखंड के ग्राम मानेगांव स्थित श्री हरि कोल्ड स्टोरेज ईकाई का अवलोकन किया। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज के संचालक अभिषेक जेठानी एवं विक्की जेठानी से गतिविधियों के बारे में जाना साथ ही जिले में खाद्य प्रसंस्करण की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने तत्कालीन समय में गाजर एवं स्वीट कॉर्न की ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग का अवलोकन कर दोनों ही उद्यमियों को प्रोत्साहित कर शासन संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यापार को बढ़ाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री मेघा शर्मा एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र सिवनी श्री आर एस उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**सिवनी ।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन दिनांक 20.01.2025 से 31.03.2025 तक किए जा रहे है, जिसमें आज दिनांक तक जिले में कुल 36081 किसानो द्वारा पंजीयन कराया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा गेंहू उत्पादक किसानो से दिनांक 31.03.2025 तक अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्रों में जाकर पंजीयन की अपील की है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी ने किया जिला उपजेल लखनादौन का निरीक्षण

**सिवनी ।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी ने किया जिला उपजेल लखनादौन का निरीक्षण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमान सतीश चंद्र राय के द्वारा बुधवार 26 मार्च 2024 को उपजेल लखनादौन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों के रहने खाने की पानी और मूलभूत आवश्यकताओं के संबंध में निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में श्री रवि नायक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी, श्री संजीव कुमार पालीवाल जिला न्यायाधीश लखनादौन, जिला रजिट्रार/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री विक्रम सिंह डावर एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**केवलारी-** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा संचालित किये जा रहे मेगा जांच स्वास्थ्य शिविर के परिपेक्ष्य मे दिनांक 25.03.2025 को सिविल हॉस्पिटल मे विभिन्न जांचो का शिविर दिशा टीम बालाघाट के मार्गदर्शन मे डाक्टर जायज काकोडिया जिला नोडल अधिकारी,डा विजेंद्र उइके मेडीकल ऑफिसर,डाक्टर स्वप्निल काकोडिया,डा रेनू बिलगवे के नैतृत्व मे जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर मे 217 मरीज़ का निदान कर उपचार किया गया। शिविर में उपस्थित हिमेश्वरी नर्सिंग ऑफिसर, मनीषा मरकाम, किरण पटेल, दिलेश्वरी राणा, सोनम वर्मा मैडमों द्वारा 209 लोगों का बीपी शुगर और सिकल सेल की जांच की गई और दवाइयां वितरण किया गया तथा आईसीटीसी केवलारी से लैब टेक्नीशियन प्रकाश प्रजापति एवं संपूर्ण सुरक्षा टीम ललिता सनोडिया मैनेजर ज्योति चंद्रवंशी और नवीन निर्मलकर आउटरीच वर्कर द्वारा एचआईवी एड्स सिफीलिस हेपेटाइटिस बी सी और टीवी जैसी गंभीर बीमारियों की जानकारी आईईसी मेटेरियल वितरित करते हुए दी गई तथा आईसीटीसी केवलारी लैब टेक्नीशियन द्वारा 179 लोगों की एचआईवी और वीडीआरएल की जांच की गई।

# किसान के खेत खलियान से मक्का चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनीजी. डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।

दिनाँक 25.03.2025 को प्रार्थी विजय पिता मोहनसिंह राय उम्र 58 साल निवासी जोगीवाडा थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि इसके खेत खलियान मे मक्के की बोरिया रखी थी जिसे दिनाँक 24-25/03/2025 दरमियानी रात्रि के बीच में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 158/25 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी रामचंद्र पिता गियाप्रसाद भलावी उम्र 22 साल निवासी टेकारांझी थाना कान्हीवाडा से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने



घटना दिनाँक 24-25/03/2025 दरमियानी रात्रि के बीच विजय राय के खेत खलियान में रखा 02 क्विंटल मक्का मोटर सायकल में चोरी करना स्वीकार किया जिससे ग्राम कलारबांकी मे आरोपी रामचंद्र भलावी के कब्जे से 02 क्विंटल मक्का कीमती 4400/-रूपये एवं मोटर सायकल कीमती 15000/- रूपये (कुल 19400/-रूपये) के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है, व आरोपी के विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही की गई है।




### खुशाली चौहान बनी सिवनी जिला वीरांगना की अध्यक्ष ,

**सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा, मध्य प्रदेश के अंतर्गत सिवनी जिला वीरांगना का मनोनयन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी श्रीमती सविता गौतम की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हो गया सिवनी के आशीर्वाद पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में सिवनी के बारा पत्थर की निवासी श्रीमती खुशाली चौहान को सिवनी ज़िले का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बैंक कॉलोनी निवासी श्रीमती वीणा राजपूत को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया है द्य भैरोगंज की निवासी श्रीमती संध्या राजपूत को सिवनी जिला वीरांगना का उपाध्यक्ष और आधुनिक कॉलोनी की निवासी श्रीमती प्रसून चौहान को सिवनी जिला वीरांगना का महासचिव मनोनीत किया गया है ।चारों पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया है । अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉक्टर एम एस सिंह मानस मध्य प्रदेश वीरांगना की अध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो रश्मि सिंह बैस के द्वारा मनोनीत तीनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया है कि आप की अध्यक्षता में सिवनी ज़िले में समाज एवं राष्ट्र हित और संगठन विस्तार के कार्य किए जाएँगे।

## पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सिवनी ।** भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार,मंत्रालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार पोषण भी पढ़ाई भी,का प्रशिक्षण कार्यक्रम,सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2.0,के तहत सिवनी जिले में सभी परियोजना में 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 01 01 बैच बनाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है,जिसका जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री अभिजीत पचौरी द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया,प्रशिक्षण में सम्मिलित सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण भी पढ़ाई का प्रशिक्षण गंभीरता से प्राप्त करने और इसका प्रयोग आंगनवाड़ी संचालन और बच्चों के पोषण और बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में प्रभावी रूप से करने के स्पष्ट निर्देश दिए,उन्होंने प्रशिक्षण में उपलब्ध संसाधन प्रोजेक्टर,पीपीटी, शिक्षण अधिगम सामग्री(ञरुरू), वाइट बोर्ड और अन्य रचनात्मक सामग्री का उचित और आकर्षक उपयोग करने की बात भी कही, श्री अभिजीत पचौरी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य 0 से 03 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन और 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए ही पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की शुरुआत 10 मई 2023 में की गई थी,जिसके उद्देश्य पूर्ति के लिए ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई हेतु नेशनल करिकुलम 2024, आधारशिला और 0 से 03 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिए नेशनल फ्रेमवर्क, नवचेतना तैयार किए गए है

इसी को ध्यान में रखते हुए सिवनी जिले में सभी परियोजना में प्रथम चरण के 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च से 26 मार्च तक संचालित किए जा रहे है,इसके बाद शेष आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 03 दिवसीय प्रशिक्षण 26 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में निपसिड,इंदौर में पूर्व में प्रशिक्षित सीडीपीओ और पर्यवेक्षक जो मास्टर ट्रेनर है,के द्वारा उक्त प्रशिक्षण दिया जा रहे है,इसमें नवचेतना पाठ्यक्रम पुस्तक के माध्यम से 0 से 03 वर्ष के बच्चों की गतिविधि आधारित मूल्यांकन से डेवलेपमेंट डिले अर्थात विकास में देरी को पहचान करने और आधारशिला पाठ्यक्रम पुस्तक के माध्यम से 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों के लिए शाला पूर्व शिक्षा को साप्ताहिक कैलेंडर के अनुसार गतिविधि कराने में सक्षम हो,साथ ही डिसएबिलिटी स्क्रीनिंग शेड्यूल के माध्यम से दिव्यांगता कि समय के साथ पहचान कराने में सहायता मिल सके उन्होंने,सिवनी विकासखंड के सभी 03 बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा महिलाओं एवं नाबालिग बालिकाओं को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उनकी रोकथाम हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है इसी कडी में अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा अनु. अधि. (पुलिस) लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस द्वारा नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व शादी का झांसा देकर गलत काम करने वाला आरोपी को गिरफतार कर जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है।थाना लखनादौन जिला सिवनी में प्रार्थी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लडकी उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लखनादौन में अपराध कमांक 567/2024 धारा 137 (2) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिग लडकी की तलाश पतासाजी हेतु थाने से एक टीम गठित कर अपहर्ता व अज्ञात संदेही आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस द्वारा तकनीकी सहायता से नाबालिग बच्ची व आरोपी राजा उर्फ छत्रपाल पिता रज्जू मालवीय उम्र 22 साल निवासी कुकडा जगत छिंदवाडा को जिला छिंदवाडा जाकर दस्तयाब कर पूछताछ किया गया पूछताछ पर नाबालिग बच्ची का आरोपी राजा उर्फ छत्रपाल ने दुष्कर्म करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध बलात्कार की धारा 64, 64 (2) (एम). 65(1) बीएनएस एवं 5 (एल) / 6 पॉक्सो एक्ट की धारा ईजाफा कर आरोपी राजा उर्फ छत्रपाल पिता रज्जू मालवीय उम्र 22 साल निवासी कुकडा जगत छिंदवाडा को गिरफतार कर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

### बांस से सुंदर कलाकृतियॉ बनाकर सशक्त बनी निशा ठाकुर एवं समूह की अन्य महिलाऐं

**सिवनी ।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोडक़र उनकी क्षमता में वृद्धि कर रहा है। आजीविका मिशन से जुडकर महिलाऐं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। ऐसा ही उदाहरण सिवनी जिले के ग्राम छिडिय़ा पलारी की निशा ठाकुर का भी है जो आज समूह से जुडकर खुशहाल जीवन यापन कर रही हैं। निशा ठाकुर बताती हैं कि वे स्व-सहायता समूह से जुडने के पूर्व उनके परिवार का भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी पति के कंधे में थी। जो छोटे स्तर पर बांस की कलाकृति बनाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे बताती हैं कि आय का सशक्त साधन न होने के कारण जब भी अचानक पैसों की आवश्यकता पड़ती थी तो काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। श्रीमती ठाकुर बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुडने का फायदा समझकर वह निर्मल स्व-सहायता समूह से जुड़ीं तथा पति के बांस से कलाकृति बनाने के कार्य को आगे बढाने का कार्य कर रही है। श्रीमती ठाकुर द्वारा बांस कलाकृति बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं औजारों तथा सामग्री के लिए एक लाख रूपये का ऋण लेकर अपना कार्य प्रारंभ किया है। जिसमें समूह की अन्य महिलाऐं भी श्रीमती ठाकुर से प्रेरणा लेकर उनके साथ बांस की अनुपम कलाकृति बनाने के कार्य में बढ-चढकर हिस्सा ले रही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा बांस में उकेरी गई सुंदर कलाकृतियों की जिले के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी विशेष मांग है। नागरिकगण गृह शोभा तथा दैनिक उपयोग के लिए बांस से बनी कलाकृतियों एवं वस्तुओं को पसंद कर रहे हैं। जिससे श्रीमती निशा ठाकुर एवं समूह अन्य महिलाऐं अच्छी आय प्राप्त कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। श्रीमती निशा ठाकुर एवं समूह की अन्य महिलाऐं उनके जीवन स्तर में आये परिवर्तन के लिए राज्य आजीविका मिशन तथा प्रदेश शासन का धन्यवाद ज्ञापित करती हैं।

# ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित बच्चों का कलेक्टर सुश्री जैन ने किया सम्मान

**सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा कन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संस्कृति जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी पवार नवजीवन विजय के उपस्थिति में सत्र 2024-25 में ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित बच्चों का सम्मान समारोह विगत दिवस कलेक्टर सभाकक्ष सिवनी में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के चयनित 32 बच्चों, अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों की कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में सहभागिता की गई। जिसमें चयनित बच्चों को ट्रेक शूट, कैप, बैग, पानी बॉटल, टिफिन, ज्यामेट्री बॉक्स, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र एवं मार्गदर्शी शिक्षको को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों के द्वारा कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से पर्यावरण एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में प्रश्न किये गये। जिनका उत्तर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के द्वारा बहुत सहज भाव से दिया गया। कलेक्टर सुश्री जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पवार के द्वारा बच्चों को समझाइस दी गई कि मोबाइल का अधिक उपयोग सेहत के लिए हानिकारक है एवं कठिन परिश्रम से ही जीवन में लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कलेक्टर सुश्री जैन के द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में बुधवार 26 मार्च को नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा की विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक संपन्न हुई।बैठक में शाला की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही साथ सुविधाओं के उन्नयन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में विद्यालय की खेल गतिविधियों के उन्नयन को लेकर 400 मीटर ट्रेक निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग से एस्टीमेट प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तरह शाला परिसर में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने बैठक के पूर्व संपूर्ण शाला परिसर एवं हॉस्टल तथा मेस का भी अवलोकन किया। उन्होंने शाला में अध्ययनरत बच्चों के लिए होमगॉर्ड तथा एनडीआरएफ की टीम से समन्वय बनाकर आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन करने के भी निर्देश दिये हैं। इसी तरह छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस गतिविधियों तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने के लिए निर्देशित किये हैं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर सहित अन्य सबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## महिला एवं बाल विकास परियोजना मंडला का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**मण्डला।** महिला एवं बाल विकास परियोजना मंडला द्वारा शासन की मनसा अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के निर्देशन पर पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25 मार्च 2025 से प्रारंभ किया गया, यह प्रशिक्षण टाउन हॉल मंडला, डाइट प्रशिक्षण हाल ,एवं आर डी कॉलेज के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया जा रहा है प्रशिक्षण में परियोजना मण्डला अंतर्गत संचालित सभी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं प्रशिक्षण निपसीड द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा है पोषण भी पढ़ाई भी सक्षम आंगनबाड़ी और मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत एक कार्यक्रम है जो महिला एवं बाल विकास मंत्रालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विकास के प्रमुख क्षेत्र में अपने कौशल निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6 साल से कम उम्र के सभी बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है इसमें मुख्य रूप से शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक, संचार, भाषा, साक्षरता और संख्यात्मक विकास सम्मिलित हैं पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से शुरू किया गया है यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण की प्रक्रिया, परिकल्पना ,आंगनबाड़ी को उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे खेल उपकरण और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षण केंद्र में बदलने की दिशा में एक कदम है इसका उद्देश्य नव चेतना यानी 0 से 3 वर्ष आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन और दिव्यांग बच्चों सहित 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक देखभाल को बढ़ावा देना है यह नव चेतना और आधारशिला के अंतर्गत है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता को बुनियादी समझ विकसित करना आँगन वारी केंद्र को सक्षम बनाना, नवाचार पोषण ट्रैक्टर भोजन प्रथाओं कुपोषण प्रबंधन आदि के बारे में प्रशिक्षित करना है।

### आवारा कुत्तों ने 3 साल के बच्चे पर हमला किया

**सिवनी** जिले के घंसौर विकासखंड के पटरी गांव में मंगलवार देर रात आवारा कुत्तों ने एक 3 साल के बच्चे हेमराज पर हमला कर दिया। वो अपने आंगन में खेल रहा था। कुत्तों के हमले में घायल बच्चे की चीख सुनकर परिजन बाहर निकले। उन्होंने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल मंडला रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पटरी ग्राम पंचायत आवारा कुत्तों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। इस कारण क्षेत्र के लोग परेशान हैं।

## कलेक्टर सुश्री जैन ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार 26 मार्च को गेंहू उपार्जन अंतर्गत स्थापित किये गये गोदाम स्तरीय केंद्र कान्हीवाड़ा, भोमा, उड़पानी एवं केवलारी का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए सभी केन्द्रों में पेयजल, छाया तथा बैठक आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने गोदाम संचालक एवं समिति प्रबंधक को उपार्जन संबंधी सभी जरूरी व्यवस्थाऐं रखने के निर्देश दिये हैं।उन्होंने स्लॉट बुकिंग कराने वाले किसानों से संपर्क करते हुए मानक गुणवत्ता का ही गेंहू उपार्जित करने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी सुश्री मेघा शर्मा सहित अन्य उपार्जन से जुड़े अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## 2 ग्रामीणों ने की पुलिस थाने में शिकायत, योजना के नाम पर भ्रमित कर राशि लेने का लगाया आरोप

# पे टू पे मामले में वारासिवनी जनपद अध्यक्ष माया उइके पर गिरेगी गाज?






### धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने की मॉग की

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के नाम पर आमजनों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी करने वाली पे टू पे सोशियल फाउंडेशन जयपुर की आग के लपेटे में अब जनपद पंचायत वारासिवनी की अध्यक्ष माया उइके भी आते हुए नजर आ रही हैं। इस मामले में बुधवार 26 मार्च को ग्राम रमरमा के दो ग्रामीणों विनोद पिता सुरेन्द्र परते व राकेश पिता झनक लाल बिसेन द्वारा एक लिखित शिकायत पुलिस थाना वारासिवनी में दी गई हैं। जिसमें उन्होंने जनपद पंचायत वारासिवनी की अध्यक्ष माया उइके, रमरमा निवासी अल्फिया कादर खान एवं ग्राम पंचायत रमरमा के रोजगार सहायक विनोद पिता सुमेर सिंह भलावी पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के नाम पर 550-550 रुपये की राशि लेने और उनके साथ धोखाधड़ी कर अवैध रुप से आर्थिक लाभ अर्जित करने का आरोप लगाया हैं।

### बेटी के विवाह पर डेढ़ लाख व बीमारी पर राशि देने का दिया था लालच

पुलिस थाने में की गई शिकायत अनुसार जनपद पंचायत वारासिवनी की अध्यक्ष माया पति दिनेश उइके रमरमा के निकटस्थ ग्राम नांदगॉव से जनपद सदस्य के रुप में चुनकर आई हैं और विनोद भलावी ग्राम पंचायत रमरमा का रोजगार सहायक हैं। जनपद अध्यक्ष माया उइके ने इन ग्रामीणों को जानकारी दी थी कि भारत सरकार नीति आयोग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना संचालित की जा रही हैं, जिसके तहत एक मुश्त 550 रुपये जमा करने पर बेटी के विवाह पर डेढ़ लाख रुपये नगद और यदि बीच में परिवार का कोई सदस्य बीमारी से ग्रस्त होता हैं, तो उसका समस्त खर्चा भी शासन द्वारा प्रदान किया जाता हैं। उन्होंने बहुत से लोगों के जुडऩे की जानकारी व दस्तावेज भी उन्हें दिखाये थे। उसके साथ ही पात्र लोगों को समय-समय पर अन्य लोगों को जोडऩे पर स्कूटी प्राप्त होने के छाया चित्र भी दिखाए गए और विनोद भलावी के अपने अंडर में कार्य करने की जानकारी दी गई। उनकी बातों का समर्थन विनोद भलावी व अल्फिया खान द्वारा करते हुए योजना को सही होना बताया गया।

### धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज होने पर मिली जानकारी

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन दोनों की बातों पर विश्वास कर राकेश बिसेन व विनोद परते ने 550-550 रुपये प्रदान किए और उसकी रसीद राकेश को 27 जून 2024 और विनोद परते को 30 अक्टूबर 24 को दी गई। उन्होंने अपने आप को पे टू पे सोशियल फाउंडेशन के तहत कार्य करना बताया था। लेकिन जब पिछले दिनों पे टू पे सोशियल फाउंडेशन के कुछ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज होने की जानकारी मिली, तब हमें समझ आया कि हमारे साथ भी जनपद अध्यक्ष माया उइके व रोजगार सहायक विनोद भलावी द्वारा धोखाधड़ी कर स्वयं आर्थिक लाभ उठाया हैं। शिकायतकर्ताओं ने जनपद अध्यक्ष माया उइके व विनोद भलावी के खिलाफ भी धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने की मॉग की हैं।

### रंजीता फुलमारी ने उजागर किया था धोखाधड़ी का मामला

उल्लेखनीय हैं कि 9 मार्च को रंजीता पति अमित फुलमारी द्वारा वारासिवनी पुलिस थाने में पे टू पे सोशियल फाउंडेशन जयपुर राजस्थान के कर्मचारियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के नाम पर अवैध रुप से चैन सिस्टम बनाकर आम लोगों से 550 रूपये की रसीद काटकर उनके एवज में बेटी के विवाह के समय राशि या कुछ गिफ्ट जैसे प्रलोभन दिया जा रहा है। इस शिकायत पर पुलिस अधीक्षक द्वारा संज्ञान लेने के बाद वारासिवनी पुलिस ने पे टू पे सोशियल फांउडेशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा राजस्थान, महीमाल सिंह शेखावत, कैलाश जांगिड, शंकर सिंह परिहार बालाघाट व हरीश मेश्राम के विरूध्द अपराध क्र 77/25 धारा 318 (4), 111 (2), बी, बीएनएस की धारा 3, 4, 5 ईनामी चिट और धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम 1978 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### चार आरोपी गए हैं जेल

इस मामले में लिप्त आरोपियों क्रमशः आरोपी कैलाश सिंह जांगिड पिता रामस्वरूप जॉगीड उम्र 33 वर्ष निवासी पुरोहित मोहल्ला नागंल भरडा थाना चौमु जिला जयपुर राजस्थान, महीपाल सिंह शेखावत पिता जयसिंह शेखावत उम्र 39 वर्ष निवासी जोशी मोहल्ला बिदारा तहसील शहपुरा जिला जयपुर राजस्थान, हरीश पिता तेजराम मेश्राम उम्र 56 निवासी वार्ड नं 01 बीडी कालोनी व शंकर सिंह परिहार उम्र 56 वर्ष निवासी वार्ड नं 02 भटेरा चौकी बालाघाट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जहॉ से उन्हें जेल भेज दिया गया हैं। वहीं फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा की तलाश में वारासिवनी पुलिस जयपुर राजस्थान होकर आ चुकी हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चला हैं।

## समितियों से साढ़े 5 करोड़ रुपए की वसूली की

# 25 हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज मिला



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में धान खरीदी घोटाले में बुधवार को नई जानकारी सामने आई। ईओडब्ल्यू की जांच में जिले की सहकारी समितियों में 25 हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज मिला है। सहकारी केंद्रीय बैंक ने समितियों से साढ़े 5 करोड़ रुपए की शॉर्टेज राशि वसूल कर ली है।

ईओडब्ल्यू ने जिले की 22 समितियों के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया है। सिवनी के शकुंतला देवी राइस मिल में जिले का 28 हजार 590 किलो चावल भी जब्त किया गया है। ईओडब्ल्यू अब यह पता लगा रही है कि यह चावल किस मिल से भेजा गया था।

इस खरीफ सीजन में समितियों के माध्यम से धान उपार्जन किया गया था। एजेंसी समितियों को धान खरीदी के लिए बोरियों की सामग्री का खर्च और प्रति क्विंटल 31.25 पैसे कमीशन देती है। इस बार घोटाले के सामने आने के बाद बैंक ने शॉर्टेज की राशि पहले ही जमा करा ली है।

बैंक प्रबंधन का कहना है कि अगले साल ज्यादा शॉर्टेज वाली समितियों पर धान खरीदी का बैन लग सकता है। बैंक महाप्रबंधक पी. जोशी ने इसे विभाग का आंतरिक मामला बताया है। इस साल धान उपार्जन में 1 लाख 9 हजार 961 किसानों से करीब 1 हजार 265 करोड़ रुपए की धान खरीदी गई थी।

सहकारी केंद्रीय बैंक महाप्रबंधक पी. जोशी ने बताया कि समितियों से शॉर्टेज की राशि वसूल कर ली गई है। हर बार शॉर्टेज की समस्या होती है। चूंकि मिलने वाले बारदाने छोटे होने, समय पर समितियों से धान का उठाव नहीं होने, परिवहन के दौरान धान के चोरी होने के कारण शॉर्टेज की समस्या पूर्व में भी आती रही है, जिसे लेकर कलेक्टर के पास समिति ऑर्बिटेशन का प्रकरण भी लगाती रही है, लेकिन इस वर्ष ईओडब्ल्यू के मामले में प्रवेश करने से यह मामला इतना उछल रहा है।

### पंचायतों में लगाये जायेंगे शिविर

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री एवं आधार खसरा लिंकिंग के कार्यों को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश जारी किये गए है। वहीं आयोजित शिविर की सतत निगरानी के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

### बिजली बिल का भुगतान समय पर करें

**बालाघाट।** बालाघाट संभाग मप्रपूक्षेविविकंलि., बालाघाट के समस्त घरेलू गैर घरेलू कृषि उपभोक्ताओं से अनुरोध करता है कि सभी उपभोक्ता अपना बिजली बिल का भुगतान करें। बिजली बिल जमा ना होने पर अधिभार, कनेक्शन काटने जोड़ने की राशि लगाई जायेगी एवं बिजली बिल राशि जमा न होने पर अवांछित कार्यवाही की जा सकती है। आज ही अपना बिजली बिल का भुगतान करें। एवं बिजली काटने जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचे एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में बिल राशि जमा करने का आग्रह है।

## गर्रा आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया बाल चौपाल एवं जन्मदिन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विगत दिवस 25 मार्च को आंगनवाड़ी केन्द्र गर्रा में बाल चौपाल एवं बच्चों के जन्मदिन का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पढ़ाई के साथ शिक्षा एवं कुपोषित बच्चों ।के सुपोषित में लाने की प्रक्रिया बताई गई एवं बच्चों का जन्मदिन भी मनाया गया जिसमें ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन सरपंच एवं वार्डपंच श्रीमती जुबेदा शाह उपस्थित रही एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती रीनू सिहोरे, पर्यवेक्षक श्रीमती यशोदा भगत एवं ग्राम की समस्त महिला एवं बच्चे उपस्थित रहें। आंगनवाड़ी कायकर्ता अनीसा बानो एवं सहायिका मीना बारेकर का सहयोग से उक्त कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।



## विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा अधिकारियो से चर्चा के बाद समाप्त हुआ चकाजाम, 6 घंटे रहा रास्ता बंद

# बिजली और पानी की समस्याओ से जूझ रहे किसानो ने किया चकाजाम





हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवेगांव-3 टोला, डोंगरमाली, आरम्भा, बिटोडी, भानपुर, मोहाड़ी, लड़सडा सहित अनेक ग्रामों के ग्रामीणजन कम वोल्टेज व बार-बार ट्रांसफॉर्मर खराब होने की वजह से कई दिनों से परेशान हैं। जिससे लगभग 25-30 गांव में पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। प्रशासन, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्या बताने व ज्ञापन देने के बाद भी समाधान नहीं होने से आक्रोषित किसानो व ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह 8 बजे से ग्राम नवेगांव-3 टोला चौक में वारासिवनी-डोंगरमाली-बेनी मार्ग पर चकाजाम कर धरना प्रदर्शन किया। यह चकाजाम व धरना प्रदर्शन दोपहर लगभग 2 बजे तक जारी रहा।

इस चका जाम व धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर वारासिवनी खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों के साथ चर्चा करने के पश्चात वे खुद भी आंदोलन में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा सरकार व विद्युत विभाग के खिलाफ़ नाराजगी व्यक्त की।

इधर पुलिस प्रशासन क्रो सुचना मिलने पर रामपायली, खैरलाँजी का पुलिस अमला पहुंचा और ग्रामीणों क्रो समझाने का प्रयास किया। मगर उन्होंने पुलिस की भी नही सुनी। जिसके बाद एसडीएम राजीव रंजन पांडे और कार्यपालन अभियंता बी एल भैना विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचे और जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। जिसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

**लगभग 6 घंटे मार्ग रहा बंदः** किसानों व ग्रामीणों के आंदोलन के दौरान वारासिवनी - डोंगरमाली-बेनी मार्ग लगभग 6 घंटे बंद रहा। ग्रामीणों ने मार्ग पर बाइक व बांस लगा कर उसे बंद कर दिया था। जिससे सड़क के दोनों ओर दो पहिया और चार पहिया वाहनो की लंबी कतारे लग गई थी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति को काबू किया और बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता बी एल भैना को मौके पर बुलाकर और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था लगवाने के निर्देश दिए। तब जाकर किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण पुरे जिले में समस्या बनी हुई हैं। मुझे सबसे ज्यादा बिजली की समस्या के बारे में फोन आते हैं। विभाग ने हर किसी क्रो टीसी कनेक्शन दे दिया है, रबी की फ़सल मर रही हैं, किसान परेशान हैं। ज़ब विभाग टीसी कनेक्शन दे रहा हैं, तो उन्हें पर्याप्त बिजली भी दे। कोई गरीब किसान बिल जमा नही करता, तो उनका कनेक्शन काट दिया जाता हैं। अगर जल्द ही विभाग ने अपनी व्यवस्था नही सुधारी, तो यह आंदोलन और बढ़ता जायेगा। भाजपा सरकार कहती हैं कि किसानो क्रो पांच रूपये में बिजली देंगे, मगर प्रदेश का क्या हाल हैं,यह किसानो क्रो दिखाई दे रहा हैं। मेरे क्षेत्र का किसान अगर परेशान रहेंगा, तो मैं अधिकारियो क्रो परेशान करता रहूंगा। मैंने विधानसभा में भी बिजली और पानी के लिए आवाज उठाई, ज़ब तक किसानो क्रो 24 घंटे बिजली नही मिलेगी, मैं विधानसभा में आवाज उठाते रहूंगा। मुझे किसानो ने विधायक बनाया हैं, मुझे किसान जैसा कहेगा, मैं उनके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। किसान किसी पार्टी का नही होता,भाजपा सरकार सिर्फ झूठे वादे करती हैं।

## विधानसभा में शून्यकाल में उठाया मुद्दा

# जिले का गौरव रेंजर कॉलेज को यथावत रखा जाये : विधायक भगत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाउ भगत ने शून्य काल में रेंजर कॉलेज के विस्थापन का मुद्दा उठाते हुए उसे यथावत रखकर सुविधायें बढाने की मांग राज्य सरकार से की है।

विधायक भगत ने विधानसभा अध्यक्ष को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1907 में से अंग्रेजो ने ट्रेनिंग सेटर फारेस्ट स्कूल के रूप में शुरू किया था। 1979 में इसे फारेस्ट स्कूल रेंजर स्कूल का दर्जा मिला। क्योंकि वनसंपदा वाइल्ड लाईफ के लिये बालाघाट जिला पूरे प्रदेश में अव्वल दर्जे का स्थान रखता था जो आज भी यथावत है। 1990 में रेंजर कॉलेज का केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को ट्रांसफर किया इसके बाद भी यहां रेंजर की ट्रेनिंग होती रही। अंतिम बार 2014 में रेंजर के बैच को ट्रेनिंग दी गई, इसके बाद यहां कोई ट्रेनिंग नहीं हुई है सिर्फ फारेस्टर व फारेस्ट गार्ड की ट्रेनिग हो रही है।

विधायक भगत के अनुसार रेंजर कॉलेज का पूरा ईलाका मिश्रित वनों से घिरा है। यह ट्रेनिंग के लिये ब्रिटिश शासन में बने भवन अब भी मजबूत स्थिति में है। लेकिन राज्य की सरकार ने इसके संरक्षण के लिये कोई प्रयास आज तक नहीं किये। ऐसे में ट्रेनिंग के लिये जरूरी वातावरण को बनाये रखने और कॉलेज के विस्थापन को रोकने के लिये सरकार को उचित कदम उठाना चाहिये अन्यथा आमजन इसके बचाव में तीव्र विरोध कर सकते है।

विधायक भगत के अनुसार इस कॉलेज का परिसर बालाघाट के लोगों की दिनचर्या से जुड़ा हुआ है। इनकी भावनात्मक पर्यावरणीय संबंध यह ब्रिटिश धरोहर आज राज्य के अधीन होते हुए कई संकटों से घिर गई है। यहां खेल मैदान, इंडोर गेम हॉल जीर्ण अवस्था में है, यहां एक म्यूजियम भी है जिसके संरक्षण को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मेरी सरकार से मांग है कि कॉलेज का विस्थापन रोका जाये, संरक्षण के लिये बजट दिया जाये। ताकि जिले का गौरव कही जाने वाली यह संपत्ति अपने पुराने दिनों में पहुंच सके।

## मॉयल के मैंगनीज परिसर में लगी भीषण आग



### दमकल कर्मियों ने 3 घंटे में पाया काबू, भारी नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के भरवेली मॉयल के मानेगांव स्थित मैंगनीज परिसर में मंगलवार की देर रात भीषण आग लग गई। आग ने आसपास के जंगल को भी अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही बालाघाट नगरपालिका की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। टीम में वाहन चालक ओमकार उइके, फायरमैन राहुल वैद्य और राजकुमार नंदा शामिल थे। जब तक दमकल कर्मी घटनास्थल पहुंचे, तब तक आग काफी फैल चुकी थी।

दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से फायर फाइटिंग ऑपरेशन शुरू किया। लगभग 3 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अगर समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो यह मैंगनीज खदान परिसर और आसपास के गांवों तक फैल सकती थी। आग से वनसंपदा और पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मॉयल के प्रबंधक मयंक जैन से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन वे फोन नहीं उठा रहे हैं। इस कारण कंपनी को हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है।

### खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर 20 अप्रैल तक होगा तुअर का पंजीयन

**बालाघाट।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई उपार्जन पोर्टल पर तुअर के पंजीयन के लिए 20 अप्रैल तक अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। किसान कल्याण एवं कृषि उप संचालक श्री राजेश खोबरागड़े से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष में तुअर के पंजीयन के लिए 18 पंजीयन केंद्र निर्धारित किये गए है। ई उपार्जन पोर्टल www.mpeuparjan.nic.in पर कियोस्क, किसान एप, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, एवं साइबर कैफे के माध्यम से किसान अपना पंजीयन करवा सकते है।जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित 18 पंजीयन केंद्रों में बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था कटंगी, वारासिवनी, सेवा सहकारी समिति बड़गांव, आरम्भा, खैरलांजी, धनकोषा, आदिमजाति सेवा सहकारी संस्था परसवाड़ा, लामता, लामता (गुडरु), सेवा सहकारी समिति जरेरा, मानेगांव, दमोह, भोरवाही, लांजी, नेवरगांव, सिहोरा, डोकरबन्दी व विपणन सहकारी समिति मोहगांव शामिल है।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया का आयोजन

# बोद्धाचार्य परीक्षा 30 मार्च को होगी सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट द्वारा म.प्र. राज्य शाखा एवं केन्द्रिय शाखा मुंबई के निर्देशानुसार दिनांक 30 मार्च को समस्त बौद्धो के संस्कार कराने वाले संस्कारकर्ता अर्थात बोद्धाचार्य की परीक्षा बालाघाट जिले के तहसील वारासिवनी मुख्यालय में संस्था के कार्यालय तक्षशीला वाचनालय शंकर नगर में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित की गई है,परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु मुंबई से आद.अशोक केदारे राष्टीय सचिव मुख्य परीक्षक होगें। वही उप मुख्य परीक्षक डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा होंगे, परीक्षक आयुनि. हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष,केन्द्रीय शिक्षिका आयुनि.साधना ताई ढेंगरे समता सैनिक दल की डीवीजन आफिसर एवं केन्द्रिय शिक्षिका, मुख्य व्यवस्थापक आयुनि. मंजू ताई सुर्यवंशी जिला उपाध्यक्ष एवं केन्द्रिय शिक्षिका होगी। इस परीक्षा में जिन्होने पूर्व में संस्था के श्रामनेर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया हो वे ही इस परीक्षा में पात्रता रखते है, दिनांक 29 मार्च के पूर्व पंजीयन फार्म शुल्क के साथ जिला कार्यालय या वारासिवनी तहसील अध्यक्ष आर डी बनसोड सर के पास पूर्व का श्रामनेर शिविर का प्रमाण पत्र संलग्न कर अनिवार्य रूप से जमा करे । परीक्षा सम्पन्न कराने की संपूर्ण व्यवस्था वारासिवनी तहसील शाखा के अध्यक्ष आर.डी.बंसोड एवं महामंत्री अभिराज मेश्राम सर देखेगें।परीक्षा का मटेरियल संस्था का नवीन बौद्ध जीवन संस्कार पाठ पुस्तक एवं संस्था का बायलॉज हैं,उसी की स्टडी करना है,जिले की सभी शाखाओं के पदाधिकारियों से यह परीक्षा सम्पन्न कराने में अपना अमुल्य सहयोग प्रदान कराने की अपील जिला शाखा द्वारा की गई है।

# जिला तेली साहू समाज ने मनाई भक्त शिरोमणी मां कर्मा की जयंती

### जिला पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला तेली साहू समाज ने मंगलवार को भक्त शिरोमणी मां कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय आंबेडकर चौक समीप स्थित कमला नेहरु सभा हाल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू, ऐरंडले तेली समाज के जिला अध्यक्ष सूरजलाल करकाड़े, जिला कोषाध्यक्ष तिलकचंद करकाड़े बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा, संत जगनाडे महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया। स्वागत गीत की प्रस्तुति किरनलता हटवार, सुरेखा हटवार, आरती हटवार और सुनैना साहू ने दी। इसके बाद सभी मंचासीन अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। समाज के जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर ने कहा कि समाज को शिक्षित होने के साथ-साथ संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने अंतरजातीय विवाह, धर्मांतरण का समर्थन नहीं करने का आव्हान किया। संस्कृति, संस्कार और शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज में व्याप्त कुरुतियों को दूर करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी नई ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है। पूरे जिले में समाज का विस्तार कर सभी को एकजुट किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत साहू ने कहा कि समाज के साथ चलना और समाज के लिए कुछ करना समाज सुधार है। अपना जेब भरना, घर बनाना समाज सुधार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन-जिन गांवों में साहू समाज निवास करता है, वहां मां कर्मा का मंदिर अवश्य बनना चाहिए। मंदिर बनने से जहां आत्मा को शांति मिलती है। इतना ही अपनी आने वाली पीढ़ी भी मां कर्मा के बारे में जान पाएगी। उन्होंने सभी से आव्हान किया वे अपने-अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। जिस दिन बच्चा शिक्षित हो जाएगा, उस दिन वह अपना संवैधानिक अधिकार मांगने लगेगा। उन्होंने साहू समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 1 लाख रुपए, होस्टल निर्माण के लिए 51 हजार रुपए, साहू समाज के बच्चा यदि पीएससी के प्रथम चरण को उत्तीर्ण करता है उसे 25 हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसके अलावा उन्होंने अनेक बातें कही। इसके अलावा समाज के सचिव संतोष समरिते ने संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम को संरक्षक नारायण मदनकर, प्रीतम आंबिलकर, कोमल साकुरे, संतोष मदनकर, समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, सुनील कुमार पटले, हीरालाल पटले, सूरजलाल करकाड़े, रविन्द्र नाथ नरताम, किरनलता हटवार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार बावनकर और आभार प्रदर्शन जयराम कावड़े ने किया।




इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यक्रम में जिला तेली साहू समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान संरक्षक नारायण मदनकर, पीतम आम्बिलकर, उपाध्यक्ष इशूलाल धावडे, केशव बैस सिहराटोला, जितेंद्र साहू, नरेन्द्र साहू , आशीष साहू, संतोष अंबिलकर, सचिव संतोष समरिते, सहसचिव प्रमेन्द्र मानवटकर, कोषाध्यक्ष सुनील पटले, मीडिया प्रभारी भानेश साकुरे, संघ प्रवक्ता कृष्ण कुमार बावनकर, केशव बैस, उत्सव लांजेवार, शिव अगासे, सुजय साहू ने अपने पदीय कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली।

इस अवसर पर गोधनलाल लांजेवार, कन्हैयालाल हटवार, खेमराज भोंगाडे, हीरालाल पटले, तरुण साहू, सुंदरलाल मानवटकर, गनपत आंबिलकर, मिश्रीलाल साहू, मोतीराम मदनकर, महेश महेरकर, उज्वल आंबिलकर, बसंत समरित, शरद लेंडे, मोतीराम आंबिलकर, योगेश तुलसीकर, मदन धावड़े, विजेंद्र लेंडे, बीएल उराड़े, भक्तानंद हटवार, संदेश समरित सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।